हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 9 सितंबर 2025

06 फिल्टर प्लांट की क्षमता कम होने से नहीं भर पा रहीं ...



07 समाज में आज भी शत्रु बोध का अभाव इसे दूर करने की...





## खबर संक्षेप

### संबल योजना के तहत राशि का अंतरण आज

**नर्मदापुरम।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 9 सितंबर को सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत प्रदेश के 7953 श्रमिक परिवारों 175 करोड रुपये की अनुग्रह सहायता राशि का अंतरण मुख्यमंत्री के एंटी चेम्बर भोपाल से किया जायेगा। इस कार्यक्रम में नर्मदापुरम जिले के 206 हितग्राहियों को 4 करोड़ 54 लाख रुपये की राशि का वितरण डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में किया गया। नर्मदापुरम में एनआईसी कक्ष से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दोपहर 12:30 बजे किया जायेगा।

### रोजगार मेलाः आयोजन के सौंपे दायित्व

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक, युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 11 सितम्बर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जिला नर्मदापुरम में किया जाएगा। तत्संबंध में कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा रोजगार मेले के सुचारु आयोजन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपे है।

### शहर में नहीं है कोई निर्धारित पार्किंग स्थल, लगता है जाम

# सड़क किनारे खड़े वाहन व अतिक्रमण से यातायात बाधित, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में बेतरतीब खड़े वाहनों का जखीरा यातायात को बाधित कर रहा है। जहां बैंकों, अस्पतालों और निजी कार्यालयों के सामने पार्किंग न होने की वजह से सड़क पर वाहन खड़े हो रहे हैं वहीं अस्पतालों और स्कूलों के आसपास भी वाहनों की लगती भीड़ यातायात को बाधित कर रही है। शहर के मुख्य चौराहे मीनाक्षी चौक की स्थिति प्रयासों के बाद भी नहीं सुधर पा रही है और दिन के समय में अब भी जाम लग रहा है जबकि नपा प्रशासन द्वारा चौराहे के चौड़ीकरण के प्रयास किये जा रहे हैं। दूसरी ओर शहर के मुख्य मार्ग सेठानी घाट की ओर जाने वाला रास्ता भी सकरा हो चला है जिसमें अक्सर वाहन खड़े रहने के कारण यातायात मुश्किल हो जाता है। शहर में पार्किंग व्यवस्था न होने से लोग परेशान हैं।

शहर की सड़कों पर दो पहिया एवं चौपहिया वाहन खड़े होने से मार्ग अवरूद्ध हो रहे हैं। शहर में पार्किंग की कमी मुख्य वजह बन रही है।



### इन स्थलों पर रहता है हर समय जाम

शहर में कहीं भी पार्किंग स्थल न होने के कारण एवं दुकानों के सामने रोड पर अतिक्रमण होने के कारण शहर के प्रमुख स्थान सतरास्ता चौराहा, स्टेशन रोड, मीनाक्षी चौक, रॉयल केमिस्ट के सामने, हरियाली चौक, राजस्थान मिष्ठान भंडार, जयस्तंभ, सराफा चौक, पाण्डे नरसिंग होम आदि स्थलों पर अव्यवस्थित वाहन खड़े रहने से अधिकतर जाम लगा रहता है।

### नपा करे प्रयास तभी मिलेगा हल

शहर में पड़े कुछ खाली स्थानों को चिन्हित कर एवं अतिक्रमण हटाकर नगर पालिका पार्किंग स्थल घोषित करना चाहिए तभी समस्या का हल निकल सकता है। समय-समय पर जनप्रतिनिधियों द्वारा भी इस विषय पर विचार रखा एवं कुछ स्थल का भ्रमण भी किया गया है किन्तु उनकी योजना अभी तक कागजों तक ही दिखाई दे रही है।

### आटो-बस चालक लगाते हैं जाम

नर्मदापुरम में लगभग पूरे शहर में सब्जी, फल एवं अन्य रेडी वाले सैकड़ो की संख्या में अस्थाई ठेले लगाकर भी रास्ते को रोक लेते हैं वहीं आटो चालकों एवं बसो द्वारा निर्धारित स्थान पर बसों को न रोकते हुए जहां-तहां वाहन खड़े कर यातायात को बाधित करते है। शहर में आटो स्टैंड भी स्थाई रूप से नहीं है जिससे लोग भी परेशान होते हैं।

### हजारों वाहनों का दवाब, नहीं है पार्किंग स्थल

नर्मदापुरम लगभग 3 लाख की आबादी का शहर हो गया है जिसमें प्रतिदिन लगभग 20 से 25 हजार वाहनों का शहर में आवागमन होता है। धार्मिक नगरी होने के कारण शहर में समय-समय पर बाहरी वाहनों का आवागमन और अधिक बढ़ जाता है इस वजह से चौपहिया एंव दुपहिया वाहनों को हर सार्वजनिक स्थल पर देखा जा सकता है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि लंबे समय से मांग के बाद भी शहर में वाहनों की पार्किंग के लिए सड़क किनारे एवं बाजार में कोई स्थल विकसित नहीं किये गये हैं।

## लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करने चलेगा अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

8 से 22 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य यह है कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है

सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए मप्र पुलिस 8 सितंबर से 22 सितंबर तक पूरे प्रदेश में विशेष अभियान चलाएगी। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस मुख्यालय से जारी निर्देशों के अनुसार सभी जिलों में चलने वाले इस 15 दिवसीय अभियान में तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट या सीटबेल्ट वाहन चलाना, नाबालिग द्वारा वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना, शराब पीकर वाहन चलाना, ओवरलोडिंग व बिना कागजों के जैसे लाइसेंस, फिटनेस और परमिट के वाहन चलाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### ये है अभियान का उद्देश्य

इस अभियान का उद्देश्य यह है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। पुलिस मुख्यालय द्वारा कहा गया है कि बढ़ते सड़क हादसों और इनमें से हो रही मौतों को देखते हुए यह कार्रवाई बेहद जरूरी है। हर जिले में पुलिस अधिकारी और यातायात पुलिस मिलकर अभियान को सफल बनाएंगे। हर दिन की कार्रवाई की रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को भेजा जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक डॉ गुरुकरन सिंह के निर्देश पर एवं डीएसपी यातायात और सभी अनुविभाग के एसडीओपी के नेतृत्व में जिले भर में वाहन चेकिंग का विशेष अभियान चलाया गया

## बुजुर्ग व्यक्ति पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्वालटोली क्षेत्र में एक मवेशी से 65 साल के बुजुर्ग ने कुकर्म किया। घटना सोमवार दोपहर करीब 12 बजे की है। घटना से लोगों में आक्रोश है। महिला पार्षद रेखा यादव ने मवेशी और उसके मालिक के साथ थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने 65 साल के व्यक्ति के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया। जानकारी के मुताबिक ग्वालटोली निवासी फरियादी ने सोमवार सुबह 9 बजे मवेशी को घास चरने के लिए छोड़ दिया। दोपहर 12 बजे उसे मोहल्ले के रहने वाले एक युवक ने बताया कि 65 साल के बुजुर्ग ने मवेशी को घर में बांधकर गलत काम किया। लोगों ने बुजुर्ग को पकड़ लिया है। मामला उजागर होने के बाद फरियादी, मोहल्ले के लोग और पार्षद रेखा यादव थाने पहुंची थी। पार्षद रेखा यादव ने बताया मवेशी से गलत हरकत करने वाले बुजुर्ग के खिलाफ हमने केस दर्ज कराया है। मवेशी और आरोपी बुजुर्ग की पुलिस से मेडिकल की मांग की है कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बारिश थमने से बढ़ा तापमान, जिले में अभी तक हुई 48.56 मिली मीटर बारिश दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम समेत मध्यप्रदेश में दो दिन से तेज बारिश का दौर थम गया है। सोमवार सुबह से तेज धूप के साथ मौसम साफ रहा। रविवार को भी दिनभर मौसम साफ और सुखद बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार वदर सिस्टम कमजोर होने के कारण अगले एक-दो दिन जिले में बारिश की संभावना नहीं है। मौसम विभाग की जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक जिले में औसतन 48.56 इंच यानी सामान्य बारिश का 89.5 प्रतिशत पानी गिर चुका है। जबकि सामान्य औसत 54 इंच है। 30 सितंबर तक औसतन 54 इंच बारिश होती है। पिछले साल की तुलना में इस वर्ष बनखेड़ी में 17.56 इंच अधिक बारिश हुई है। जिले में मानसून 18 जून को पहुंचा था। जून में करीब 5 इंच, जुलाई में 29.5 इंच औसतन



बारिश हुई। अगस्त के पहले 15 दिन बारिश थमी रही, उसके बाद तीसरे सप्ताह में फिर से बारिश का दौर शुरू हुआ।इस वर्ष सबसे अधिक बारिश पचमढ़ी में 66.17 इंच दर्ज हुई। बनखेड़ी में 58.17 इंच, नर्मदापुरम 52.19 इंच, इटारसी 46 इंच, सिवनी मालवा 41.41 इंच, माखननगर 31.45 इंच, सोहागपुर 50.55 इंच, पिपरिया 51.74 इंच और डोलरिया में 39.31 इंच पानी गिरा।

## विधायक ने बाजार क्षेत्र में जल भराव की समस्या का समाधान निकालने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बाजार क्षेत्र में जल भराव की समस्या को लेकर नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, एसडीएम नीता कोरी, नगरपालिका के उपयंत्री अंबक पाराशर, रीना गुप्ता, स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी, तहसीलदार सहित भाजपा नेता लोकेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे, अर्पित मालवीय आदि उपस्थित रहे। बैठक के संबंध में



नपध्यक्ष ने बताया कि विधायक डॉ सीताशरण शर्मा द्वारा निर्देशित किया गया कि बाजार क्षेत्र में जो जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है उसका स्थाई समाधान निकालें। नपा के उपयंत्री और स्वच्छता निरीक्षक इस संबंध में नई प्लानिंग करें। जिससे कि बाजार क्षेत्र में दोबारा जल भराव की समस्या उत्पन्न न हो। किसी ने भी नाले नालियों पर अतिक्रमण किया हो उस अतिक्रमण को हटाएं। इस कार्य के लिए स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी को प्रभारी बनाया गया है।

## सड़क दुर्घटनाएं रोकने विशेष यातायात चेकिंग अभियान शुरू, वाहन चालकों पर जुर्माना ठोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस द्वारा विशेष यातायात चेकिंग अभियान प्रारंभ किया गया है। सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार सोमवार से 15 दिवसीय विशेष यातायात चैकिंग अभियान शुरू किया गया है। जानकारी अनुसार सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी होने से यातायात के नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से तेज गति से व बिना हेलमेट बाइक दौड़ने वालों सहित बिना सीट बेल्ट लगाए



चौपहिया वाहन चलाने वालों तथा नाबालिग वाहन चालकों पर कार्यवाही की जा रही है। वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करना, शराब पीकर वाहन चलाना, ओवरलोडिंग, बिना लाइसेंस, बिना फिटनेस, बिना परमिट आदि की विशेष चैकिंग की जा रही है। साथ ही पुलिस द्वारा अपील की जा रही है कि सभी यातायात के नियमों का पालन करें। सोमवार को यातायात नियमों का पालन न करने पर 27 प्रकरणों में 9700 रुपये जुर्माना वसूला गया है। टीआई ऊषा मरावी ने बताया कि यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण योजनाओं हेतु करें आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संचालनालय उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण, भोपाल द्वारा नर्मदापुरम जिले को वर्ष 2025-26 हेतु एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना अंतर्गत विभिन्न घटकों के लिए भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। योजना के तहत कृषकों को फलक्षेत्र विस्तार पैशन फ्रूट, एवोकाडो, अंजीर, ब्लूबेरी, आम, अमरूद, लीची, अनार, नीबू वर्गीय, संकर सब्जी क्षेत्र विस्तार हाइब्रिड, प्याज एवं लहसुन क्षेत्र विस्तार, पुष्प क्षेत्र विस्तार लूज फ्लॉवर, मसाला क्षेत्र विस्तार अदरक, हल्दी, लहसुन आदि, जीर्णोद्वार / जीर्ण वृक्षारोपण का प्रतिस्थापन, कैनोपी प्रबंधन, संरक्षित खेती (पॉली हाउस में कार्नेशन और जरबेरा की खेती), प्लास्टिक मल्चिंग, हाइड्रोपोनिक्स, एरोपोनिक्स, सब्जी फसलों के लिए सहायता प्रणाली, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, एकीकृत कीट प्रबंधन, जैविक खेती वर्मीकम्पोस्ट यूनिट, बागवानी यंत्रीकरण, फसलोपरांत प्रबंधन सहित अनेक घटकों का लाभ प्रदान किया जाएगा। उप संचालक उद्यानिकी रीता उइके ने जानकारी देते हुए बता कि इन योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक कृषक विभाग के पोर्टल पर पंजीयन एवं आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए कृषक स्तरीय वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## पं. रामलाल शर्मा कॉलेज में हुआ शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन, किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पंडित रामलाल शर्मा कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन नर्मदापुरम में सोमवार को महाविद्यालय में विद्यार्थियों के द्वारा शिक्षक दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया इस अवसर पर विद्यार्थियों में अपने प्राचार्य एवं अध्यापक के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किऐ।

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ प्रिंस जैन के द्वारा दीप प्रज्वलन और डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने कविता पाठ, गीत और अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत कर शिक्षकों



के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शिक्षकों को सम्मानित करते हुए उन्हें उपहार और शुभकामनाएं दी एवं महाविद्यालय प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक की विद्यार्थियों के जीवन में मार्गदर्शन बनते हैं और उनके व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। इस कार्यक्रम में पूरा वातावरण गुरु शिष्य परंपरा की गरिमा से ओत प्रोत रहा। और कार्यक्रम ने सभी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रिंस जैन, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर विनीता शुक्ला , अंजू सक्सेना, स्वाति गुप्ता, लीनेंद्र चौधरी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राजेंद्र श्रीवास्तव अभा कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले के प्रखर समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का जिला अध्यक्ष बनाया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश्वर चमन श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष ने राजेंद्र श्रीवास्तव को नर्मदा पुरम का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। श्री श्रीवास्तव के जिला अध्यक्ष बनने पर जिले के तहसील और ग्रामीण सहित समाजसेवी और जनप्रतिनिधियों के अलावा मातृशक्ति ने उन्हें अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी है। मालूम हो कि राजेंद्र श्रीवास्तव प्रखर समाजसेवी हैं और संगठन को मजबूत करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि शीघ्र ही जिले की कार्यकारिणी घोषित की जाएगी जो संगठन में अच्छा कार्य करते हैं उन्हें पहली प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही संगठन को और कैसे मजबूत किया जाए इसके लिए भी उन्होंने जिले की कार्यकारिणी में समाज के अधिकांश लोगों को इस संगठन से जोड़ने का उनका पूरा प्रयास रहेगा। बधाई देने वालों में ज्योति वर्मा, सुमन वर्मा, ऊषा वर्मा, प्रीति खरे, ईरा वर्मा, मंजू श्रीवास्तव, अदिति वर्मा लक्ष्मी सक्सेना जानकी सारिका सक्सेना, शीतल श्रीवास्तव, रितु श्रीवास्तव,रश्मि वर्मा, अभय वर्मा, सीबी खरे, विजय वर्मा, अशोक वर्मा , केशव देव वर्मा, मनोज वर्मा, राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव आदि शामिल हैं।

### 10 व 11 को विशाल शास्त्रीय संगीत महोत्सव का होगा आयोजन

## कथक, ओडिशी और शास्त्रीय संगीत के ख्यातिनाम कलाकार नर्मदापुरम में देंगे अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

निर्मल चैतन्य पुरी महाराज की अखिल भारतीय हरिनाम संकीर्तन समिति के तत्वावधान में 10 व 11 सितंबर को मालाखेड़ी क्षेत्र स्थित स्वयंवरम गार्डन के हॉल में शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक विशाल शास्त्रीय संगीत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में देश के शास्त्रीय संगीत के करीब दो दर्जन ख्यातिनाम कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इनमें वादन, गायन और नृत्य तीनों विधाओं के प्रदर्शन होंगे। उक्त कार्यक्रम समेरिटंस गुरप आफ स्कूल्स के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।



### ये कलाकार देंगे प्रस्तुति

इस संबंध में स्वामी निर्मल चैतन्य ने बताया कि 10 सितंबर को यशस्विनी शिवारामन बैंगलुरू, डॉ टी प्रार्थना, डॉ टी पूजा और गार्गी श्रीवास्तव का कथक नृत्य, आत्रैयी दत्ता कोलकाता का ओडिशी, गायन में अर्चिष्मान सिन्हा राय, अर्णव बुवा और प्रथमेश शहाणे का शास्त्रीय गायन होगा। जबकि इसी दिन निक्षित टी पुत्तर, सदगुण ऐंथल और एएसआर कोन्डिन्या का मेंडोलिन वादन होगा।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार 11 सितंबर को भी संजना नारायण, रवाली मैलायारापू और नूतन नैयर का भरतनाट्यम, अर्कद्युति हलदर का वायलिन, संकल्प मिश्रा सितार, अनुकल्प घोष मेंडोलिन और अंशुल प्रताप सिंह तबला वादन प्रस्तत करेंगे। इसके अतिरिक्त अनुष्मिता भट्टाचार्य मोहिनी अट्टम और गुरू राजू कुचीपुड़ी नृत्य की प्रस्तुति देंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है।

## खरीफ फसल के लिए पंजीयन 15 सितं से 10 अक्टू.तक होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

म.प्र.शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना द्वारा पात्र संस्थाओं के माध्यम से खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन हेतु किसान पंजीयन कार्य हेतु जिला उपार्जन समिति नर्मदापुरम के अनुमोदन उपरांत जिले में 30 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गए है। जारी आदेशानुसार कलेक्टर मीना ने तहसीलवार पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए है, जिसमें मंडी प्रांगण नर्मदापुरम तहसील नर्मदापुरम, समिति मुख्यालय सावलखेड़ा तहसील नर्मदापुरम, समिति मुख्यालय रायपुर तहसील नर्मदापुरम, ग्राम डोलरिया तहसील डोलरिया, कृषि उपज मंडी इटारसी तहसील इटारसी, समिति मुख्यालय रामपुर तहसील इटारसी, समिति मुख्यालय जमानी तहसील इटारसी, ग्राम पथरौटा तहसील इटारसी, समिति मुख्यालय कालाआखर तहसील इटारसी, कृषि उपज मंडी बानापुरा तहसील सिवनी मालवा, ग्राम धरमकुण्डी समिति बघवाडा तहसील सिवनीमालवा, ग्राम झकलाय तहसील सिवनीमालवा, ग्राम आचलखेड़ा तहसील माखन नगर, समिति मुख्यालय आरी तहसील माखन नगर, मंडी प्रांगण बाबई तहसील माखन नगर, समिति मुख्यालय बागलखेड़ा तहसील माखन नगर, समिति मुख्यालय सांगाखेड़ाकला तहसील माखन नगर, समिति मुख्यालय सोहागपुर तहसील सोहागपुर, समिति मुख्यालय शोभापुर तहसील सोहागपुर, समिति मुख्यालय रानीपिपरिया तहसील सोहागपुर आदि शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### चार धाम की यात्रा के लिए रवाना हुआ दल

**शाहपुर।** ब्लॉक और घोड़ाडोंगरी ब्लॉक से मिलकर लगभग 50 भक्तों का दल दक्षिण एक्सप्रेस गाड़ी से दिल्ली के लिए रवाना हुआ। दिल्ली के बाद हरिद्वार की यात्रा के लिए भक्त दूसरी रेल सेवा से पहुंचेंगे। फिर हरिद्वार में स्नान दर्शन के पश्चात ऋषिकेश और ऋषिकेश से बद्रीनाथ धाम, बद्रीनाथ धाम से केदारनाथ धाम एवं अन्य धार्मिक धामों की यात्रा करेंगे। इस अवसर पर यात्रियों सबसे पहले तिलक लगाकर फूल माला से सम्मान किया।

### चिचोली में जिला स्तरीय रोजगार मेला 12 को

**बैतूल।** जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बैतूल के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 12 सितम्बर को प्रातः 11 से 4 बजे तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था चिचोली के समीप नगरपालिका ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में 12 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने सभी युवाओं से रोजगार मेले का लाभ लेने की अपील की है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका चिचोली के ऑडिटोरियम में आयोजित रोजगार मेले में वर्धमान फैब्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड बुदनी में मशीन ऑपरेटर के 150 पदों के लिए, कुलोदय टेक्नोपैक प्राइवेट लिमिटेड दमन गुजरात में 100 पदों तथा यशस्वी ग्रुप भोपाल में अप्रेंटिस के 50 पदों के लिए योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। जेके बायो एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव के 20 पद, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड भोपाल में मैनेजर के 100 पदों तथा अकाजा फैशन हब बैतूल में सेल्स एग्जीक्यूटिव के 20 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसी प्रकार सीआईआई कौशल प्रशिक्षण केंद्र छिंदवाड़ा में मोटर मैकेनिकल के 25 पद तथा डीएंडके करियर सेंटर छिंदवाड़ा में मशीन ऑपरेटर के 50 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई होना आवश्यक है।

---

एक दिन छोड़कर की जा रही शहर में पेयजल सप्लाई

# फिल्टर प्लांट की क्षमता कम होने से नहीं भर पा रहीं पानी की टंकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बारिश के इस मौसम में भी लोगों को एक दिन के अंतराल में पेयजल सप्लाई मिल रही है। जिससे लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। हालात यह है कि सवा लाख की आबादी वाले बैतूल शहर में लोगों को एक दिन छोडक़र ही पेयजल मिल रहा है। जिसके पीछे नगर पालिका के जिमेदार अधिकारी, फिल्टर प्लांट की क्षमता कम होने और टंकियों को भरने में समय लगने के कारण यह संकट बता रहे है, जबकि गर्मियों में पानी की कमी होने का हवाला देकर नगरपालिका एक दिन के अंतराल में पेयजल सप्लाई कर रही थी, लेकिन अब बारिश में पर्याप्त पानी होने के बाद भी सप्लाई व्यवस्था में बदलाव नहीं किया गया है। बता दे कि शहर की 10 पानी की टंकियों की कुल क्षमता लगभग 72 लाख लीटर है, लेकिन विवेकानंद वार्ड का 12 एमएलडी क्षमता वाला फिल्टर प्लांट इन सभी को एक साथ भरने में नाकाफी साबित हो रहा है।

### रोजाना सप्लाई के लिए 80 लाख लीटर पानी की जरूरत

बताया जा रहा है कि शहर को रोजाना पेयजल सप्लाई के लिए करीब 80 लाख लीटर पानी चाहिए, जबकि प्लांट की क्षमता इतनी नहीं है। यही वजह है कि नगर पालिका को मजबूरी में एक दिन छोडक़र ही पानी सप्लाई करना पड़ रहा है। ऐसे में जागरूक नागरिको का कहना है कि प्लांट की क्षमता बढ़ाने के लिए नगरपालिका को कोई ठोस कदम उठाने चाहिए। लेकिन नगरपालिका ध्यान नहीं दे रही है। ऊपर से छह माह पहले जो पानी टंकी बनकर तैयार हो गई है, उसे अब तक सप्लाई लाइन नहीं जोड़ा गया है। अगर फिल्टर प्लांट की क्षमता नहीं बढ़ाई गई तो आने वाले समय में बैतूल की जनता को और भी भीषण पेयजल संकट का सामना करना पड़ेगा।



### कोठीबाजार टंकी छह माह से बंद

कोठीबाजार में 10 लाख लीटर क्षमता की नई टंकी का निर्माण छह माह पहले ही पूरा हो गया था, लेकिन इसे अब तक शुरू नहीं किया जा सका है। जबकि नगर पालिका नई टंकियों का निर्माण करवा रही है। नगर पालिका का कहना है कि टंकी खाली रहने पर क्रेक आने का डर है, इसलिए इसे आधा पानी भरकर ही रखा गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि अब तक इसे मुख्य सप्लाई लाइन से जोड़ा नहीं गया है। जिसकी वजह से इस टंकी से वार्डों में पेयजल सप्लाई अभी तक शुरू नहीं की जा सकी है और बारिश में भी शहर को एक दिन छोडक़र पानी सप्लाई करना नगर पालिका की मजबूरी बन गई है।

### दो टंकियों का निर्माण जारी दो जमीनी विवाद में फंसी

नगर पालिका ने अमृत 2.0 योजना के तहत शहर में चार नई टंकियों का निर्माण शुरू किया है। इनमें से दो पर काम जारी है, जबकि दो टंकियों के निर्माण में जमीन विवाद के कारण काम शुरू ही नहीं हो पाया है। अधिकारियों का दावा है कि इन टंकियों के बन जाने पर शहर की स्टोरेज क्षमता 35 लाख लीटर और बढ़ जाएगी और यह एक करोड़ लीटर से ऊपर पहुंच जाएगी। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि फिल्टर प्लांट की क्षमता 12 एमएलडी से बढ़ाकर कम से कम 24 एमएलडी नहीं की गई तो नई टंकियां भी बेकार साबित होंगी। जिनका लाभ नहीं मिलेगा।

**इनका कहना है**

फिल्टर प्लांट की क्षमता कम होने से सभी टंकियों को रोज भर पाना मुश्किल है। हम एक दिन छोडक़र पानी सप्लाई कर रहे हैं। कोठीबाजार टंकी को मुय सप्लाई लाइन से जोडना बाकी है, इसलिए इसे शुरू नहीं किया जा सका है।

**धीरेंद्र राठौर,**
जल शाखा प्रभारी नगर पालिका बैतूल

---

अधिकारी कर्मचारी संघ का किया गठन

## स्वास्थ्य कर्मचारियों ने किया सार्थक ऐप का विरोध



**बैतूल।** सार्थक ऐप के विरोध में संयुक्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी संघ का गठन किया गया जिसमें जिले के कई संगठनों ने मिलकर भागीदारी की। इस संघ में अजाक्स बैतूल, राज्य कर्मचारी संघ, भारतीय मजदूर संघ, लिपिक कर्मचारी संघ, डॉक्टर एसोसिएशन संघ, न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, स्टेट फार्मासिस्ट संघ, मध्य प्रदेश लैब टेक्नीशियन संघ, नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन संघ एवं एक्सरे टेक्नीशियन संघ शामिल रहे। बैठक में उपस्थित सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग में लागू किए जा रहे सार्थक ऐप का पुरजोर विरोध किया। पदाधिकारियों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का अमला दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में सेवाएं देता है, लेकिन कई ग्रामों में मोबाइल नेटवर्क की अनुपलब्धता के कारण सार्थक ऐप से उपस्थिति दर्ज कराना संभव नहीं होता। इससे कर्मचारी अपने कर्तव्य पर उपस्थित होने के बावजूद अनुपस्थित दर्शाए जाएंगे। इसके अलावा ऐप से उपस्थिति दर्ज करने में काफी समय लगता है। विशेष रूप से मैदानी अमले की महिला कर्मचारियों के लिए यह व्यवस्था और भी परेशानी का कारण बनेगी। जिनकी पदस्थापना स्थल 10 से 15 किलोमीटर तक फैला होता है, उन्हें पहले मुख्यालय पर उपस्थित होकर उपस्थिति दर्ज करनी होगी, उसके बाद फील्ड में जाकर सेवा देना होगी और फिर पुनः मुख्यालय आकर उपस्थिति दर्ज करानी होगी। इस पूरी जटिल प्रक्रिया से स्वास्थ्य सेवाओं पर नकारात्मक असर पडऩे की आशंका जताई गई।

### 11 सितंबर को सौंपेंगे ज्ञापन

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि यदि कर्मचारी बिना मानसिक तनाव के अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे, तभी बैतूल जैसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं स्थापित हो पाएंगी। अंत में यह तय किया गया कि सार्थक ऐप को लागू न करने की मांग को लेकर 11 सितंबर, दिन गुरुवार शाम 4:30 बजे ज्ञापन कलेक्टर एवं सीएमएचओ के माध्यम से मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विभाग, मध्य प्रदेश शासन भोपाल को सौंपा जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉक्टर रुपेश पद्माकर, डॉक्टर रानू वर्मा, सुरेंद्र धाकड़, अनिल कापसे, प्रकाश माकोड़े, संजय ठाकुर, धर्मेंद्र भूमरकर, हेमेंद्र वर्मा, एसआर दीक्षित, योगेंद्र दवंडे, रामेंद्र मालवी, अनिल देशमुख, संजीव बोखड़े, मनीष श्रीवास, जीडी बरडे, धर्मराज परमार, राकेश सोनी, अनिल नागले, तुकाराम ठाकरे, रमेश खाडे, एमपी तिवारी और श्रीराम बोरकर उपस्थित रहे।

---



### बरेठा घाट पर ट्रक का टायर फटा, लगा लंबा जाम

**बैतूल।** नागपुर-भोपाल फोरलेन हाईवे पर बरेठा घाट स्थित पुलिया के बीच अचानक ट्रक का टायर फट गया। जिससे पुलिया पर ट्रक फंस गया और हाईवे पर दोनों ओर करीब दो घंटे से लंबा जाम लगा रहा। जाम में सैकड़ों वाहन फंसे रहे और लोग घंटों से परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुलिया पर ट्रक का टायर बदलने में दिक्कत आने से जाम की स्थिति और ज्यादा गंभीर हो गई। वाहन चालकों का कहना है कि बरेठा घाट पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं, जिनकी वजह से आए दिन टायर फटने और हादसों की घटनाएं हो रही हैं। इसके बावजूद विभाग इन गड्ढों की मरम्मत को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। इसी वजह से आए दिन जाम की स्थिति बन रही है और लोगों को घंटों परेशान होना पड़ता है।

---

बैतूल में 3 और आरोपी पकड़े

## सांभर का शिकार करने वाले आरोपी गिरफ्तार



**बैतूल।** जिले के खमालपुर और चिखली पाढ़र इलाके में सांभर मांस मामले में वन विभाग ने सोमवार को तीन और आरोपियों को पकड़ा है। गिरफ्तार हुए आरोपियों के नाम लखन कावड़े, धीरू कावड़े और साहबलाल उइके (निवासी पाढ़र) हैं। सभी को अदालत में पेश किया गया। डिप्टी रेंजर वर्डे ने बताया कि ये आरोपी अब तक फरार थे। इससे पहले 4 सितंबर की रात हरि पिता भैयालाल और कमल पिता छतरू को पकड़ा गया था। उनके पास से करीब 5 किलो पका हुआ सांभर का मांस बरामद हुआ था। पूछताछ में उन्होंने बताया था कि उन्होंने अनकावाड़ी गांव के दो और लोगों के साथ मिलकर रानीपुर परिक्षेत्र के दौड़ीकोल इलाके में ढाई-तीन साल की मादा सांभर का शिकार किया और कुल्हाड़ी से काटकर मांस बांट लिया। वन विभाग ने सभी आरोपियों पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 39, 49बी, 50 और 51 के तहत केस दर्ज किया है। पहले पकड़े गए दो आरोपियों को अदालत ने 5 से 8 सितंबर तक फॉरेस्ट रिमांड पर भेजा था। अब तीन और आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद कुल पांच लोग हिरासत में आ चुके हैं।

---

## पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन क्षमा वाणी के साथ तारण तरण मार्ग का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

तारण तरण समाज द्वारा पालकी जी की शोभा यात्रा निकाली गई। लगातार 10 दिनों तक चलने वाले पर्यूषण पर्व के अंतिम दिवस तारण तरण मार्ग का लोकार्पण किया गया। सामाजिक बंधुओ द्वारा उत्तम क्षमा वाणी का आयोजन किया गया।

पंडित विजय मोही द्वारा उत्तम क्षमा DFवाणी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि क्षमा वास्तव में मन की शांति और आत्मा की शुद्धि का मार्ग है। उन्होंने कहा कि उत्तम क्षमा वाणी का अर्थ है, अपने हृदय से सभी द्वेष और प्रतिशोध को दूर कर, दूसरों को क्षमा करना। यह न केवल हमारे अपने भीतर की चिंता और नाराजगी को समाप्त करता है, बल्कि यह सामाजिक संबंधों को भी सुदृढ़ बनाता है। पंडित जी ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में कई बार ऐसी परिस्थितियाँ आती हैं जब हम एक-दूसरे को ठेस पहुँचाते हैं। ऐसे में, क्षमा की भावना हमें न केवल दूसरों को माफ करने की प्रेरणा देती है, बल्कि स्वयं की विकृतियाँ भी दूर करने में सहायता करती है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तम क्षमा वाणी से हम अपने भीतर की नकारात्मकता को छोड़े और एक सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएँ, जिससे हम एक खुशहाल और सामंजस्यपूर्ण जीवन जी सकें। आज संत तारण तरण मार्ग का भी लोकार्पण पंडित विजय मोही द्वारा किया गया। उन्होंने अंतिम दिन के इस पर्व पर सभी से अनुरोध किया कि वे अपने दिल से सभी को क्षमा करें, ताकि आत्मिक उन्नति हो सके और सभी के बीच प्रेम और सद्भावना का संचार हो। ऐसा करने से न केवल हमारा मन हल्का होगा, बल्कि समाज भी एक बेहतर स्थान बनेगा। इस अवसर पर पंडित जी ने सभी उपस्थित जनों को यह संकल्प दिलाने का आग्रह किया कि वे अपने जीवन में क्षमा की सद्भावना को अपनाएँ और इसे अपने दैनिक जीवन का एक हिस्सा बनाएँ। इस प्रकार, उन्होंने उत्तम क्षमा वाणी को न केवल एक धार्मिक क्रिया बल्कि एक सामाजिक आवश्यकता भी बताया। पंडित जी के सम्मान में सामाजिक बंधुओ द्वारा सम्मान किया गया। समाज के लोगों ने बताया कि पहली बार पर्यूषण पर्व धार्मिक, आध्यात्मिक भावना से मनाया गया जिससे प्रतिदिन लोगों को प्रवचन एवं पर्यूषण पर्व के महत्व को जानने का अवसर प्राप्त हुआ।



---

## जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन से गिरा युवक, अस्पताल में भर्ती



**बैतूल।** बैतूल रेलवे स्टेशन पर सोमवार को जयपुर एक्सप्रेस से उतरते समय 22 वर्षीय हनीफ खान गंभीर रूप से घायल हो गए। वह इटारसी के रहने वाले हैं और कटनी से बैतूल आ रहे थे। जानकारी के अनुसार ट्रेन जैसे ही बैतूल स्टेशन पर आई, हनीफ जल्दी में उतरने लगे। उतरते वक्त उनका संतुलन बिगड़ा और वे नीचे गिर गए। ट्रेन धीमी चल रही थी, पर गिरने से उन्हें सिर और शरीर के कई हिस्सों पर चोटें आईं। घटना होते ही स्टेशन पर खड़े लोगों ने मदद की और जीआरपी को सूचना दी। मौके पर पहुंची जीआरपी ने 108 एंबुलेंस बुलवाई। एंबुलेंस से हनीफ को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में हनीफ को सर्जिकल वार्ड में भर्ती किया गया है। डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है और उनकी स्थिति का निरीक्षण कर रही है। स्थानीय पुलिस ने भी घटना स्थल का जायजा लिया और यात्रियों से पूछताछ की। पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि ट्रेन रुकने पर ही सावधानी से उतरें। चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश न करें और प्लेटफॉर्म पर स्टाफ के निर्देशों का पालन करें ताकि ऐसे हादसे टाले जा सकें।

---

### जेएच कॉलेज में बांस कला प्रशिक्षण का किया शुभारंभ



**बैतूल।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल के स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा अल्पावधि रोजगारोन्मुखी, स्व रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के अंतर्गत बांस कला प्रशिक्षण का शुभारंभ सोमवार को किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिता सोनी ने बांस कला की उपयोगिता एवं महत्व पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष वाणिज्य डॉ. राजेश शेषकर ने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए बांस कला के क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। बांस कला प्रशिक्षक ललित सोनी विश्वकर्मा अवॉर्ड से सम्मानित के द्वारा विद्यार्थियों को बांस की वस्तुओं के निर्माण से संबंधित प्रशिक्षण की रूपरेखा साझा की। उक्त कार्यक्रम ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. ऋषिकान्त पंथी के संयोजन में सम्पन्न हुआ।

---

लापरवाही पर तहसील कार्यालयों के लिपिकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई

# फसल क्षति, मकान क्षति और सर्पदंश में राहत राशि दिए जाने के कोई भी प्रकरण लंबित न रहें: कलेक्टर

**50 दिन से अधिक लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से करें निराकरण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण सुनिश्चित कराएं। 50 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों का भी प्राथमिकता से निराकरण किया जाएं। यह निर्देश सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समयसीमा की बैठक में कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सभी जिला अधिकारियों को दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने 50 दिवस से अधिक की शिकायतों के निराकरण में संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर सभी तहसील कार्यालय के शिकायत शाखा के लिपिकों की एक - एक वेतन वृद्धि रोके जाने का नोटिस देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को सख्त निर्देशित किया कि लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण कराएं। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को भी किया ताकीद किया कि अपने अधीनस्थ ब्लॉक स्तर के अधिकारियों कर्मचारियों की सतत मॉनिटरिंग कर शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण कराएं। उन्होंने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को न्यायालयीन प्रकरणों में पूरी गंभीरता से जवाब दावे प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि न्यायालयीन प्रकरणों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बैठक में फसल क्षति, मकान क्षति और सर्पदंश में राहत राशि के प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राहत राशि दिए जाने का कोई भी प्रकरण लंबित न रहें। सभी प्रकरणों का पूरी तत्परता से निराकरण किया जाएं। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने नरवाई प्रबंधन की तैयारी की भी जानकारी लीं। उन्होंने कहा कि जिले में अधिकांश प्रकरण जंगल में आग लगने के होते हैं। सभी वनमण्डल के अनुविभागीय अधिकारी जंगल की आग पर प्रभावी अंकुश लगाएं। सुनिश्चित करें कि जंगल में आग लगने की घटना न हो।उन्होंने उपसंचालक कृषि को भी निर्देशित किया कि नरवाई प्रबंधन की विकासखंडवार कार्य योजना बनाएं। नरवाई न जलाने के लिए विशेष जनजागृति अभियान चलाए। जिसमें नरवाई जलाने के नुकसान, नरवाई प्रबंधन के लिए सहायक कृषि उपकरण और नरवाई जलाने पर जुर्माना इत्यादि की जानकारी ग्रामीणों को दी जाए। पटवारी, सचिव और कृषि विभाग के एसीटीओ के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया जाएं।

बैठक में कलेक्टर ने संबल योजना में अपील के लंबित प्रकरणों की सभी जनपद सीईओ और सीएमओ से जानकारी ली। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि अपील प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण कराएं। उन्होंने सभी प्राचार्य आईटीआई को अपनी संस्था के रिक्त पदों पर शत प्रतिशत प्रवेश कराएं जाने के निर्देश दिए। उद्यानिकी विभाग अंतर्गत संचालित पीएफएमई योजना की प्रगति की भी कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जानकारी ली। उन्होंने उप संचालक उद्यानिकी और जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को योजना के प्रकरण शीघ्र स्वीकृत और वितरित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को भी अपने क्षेत्र में सभी उद्यानिकी फसलों की गिरदावरी सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर वंदना जाट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

---

### सांसद खेल महोत्सव का सुचारू और सफलतापूर्वक संचालन किया जाए

**बैतूल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया, खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत सांसद खेल महोत्सव 2025 की प्रतियोगिताओं का आयोजन जिले में ग्राम, नगर विकासखंड और जिला स्तर पर 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर के मध्य किया जाएगा। कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को आयोजित समयसीमा की बैठक में जिले के सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले खेल महोत्सव का सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित कराने के निर्देश दिए। विभिन्न शासकीय -अशासकीय विभागों और संस्थानों के स्वामित्व वाले खेल मैदानों को जनसहभागिता से व्यवस्थित एवं उपयोगी बनाया जाएं। इसी प्रकार जनसहभागिता से ही खेल सामग्रियों सहित अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की जाएं। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को खेल महोत्सव की सतत मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया।



## सरपंच ने किया पौधरोपण, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**पिपरिया।** जनपद पंचायतकी ग्रामपंचायत खापरखेड़ा केजागरूक सरपंच सुलभगोदानी सचिव प्रदीप पांडे रोजगार सहायक पाल व्रजेश एवं अन्य स्टाफ की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शांति नाम में सभी के द्वारा पौधे लगाए गए हरा भरा कर दिया गया। जिसमें लगभग 200पौधे लगाए गए मुख्य रूप से पीपल,बड,कदम,नीम,जामन,वील गुलमोहर बंट ब्रक्ष के पौधे लगाए गए।इस दौरान उपसरपंच इबादत अली महेंद्र सिंह,किशन कहार राजू यादव मुकेश सोनी केशव कहार मुकेश वाथरेनरेंदर वाल्मीकि लखन अहिरवार जनपद सदस्य आदि उपस्थित रहे सभी ने पौधे लगाए। याद रहे भाजपा खापरखेड़ा मंडल उपाध्यक्ष शुलभ गोदानी ने नल जल योजना की लगातार लड़ाई में शामिल हुए तथा जीत हासिल कर फिर से नल जल योजना का काम प्रारंभ करने में सफलहुए है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत

**सोहागपुर।** ग्राम शोभापुर के पास किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मृत्यु हो गई है। वहीं बाइक सवार दूसरा युवा गंभीर रूप से घायल हो गया है। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी गोकल पिता मनोहर कहार निवासी ग्राम भानपुर थाना सोहागपुर द्वारा इस आशय की प्राथमिकी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ दर्ज कराई गई है। जिसके अनुसार फरियादी के छोटे भाई राजेश कहार ने हाल ही में बाइक खरीदी थी। जिसे लेकर वह रविवार को किसी काम से हेमराज के साथ पिपरिया गया हुआ था। रात्रि में पिपरिया से शोभापुर आते वक्त करीब 9:50 बजे व्यास पेट्रोल पंप के आगे किसी अज्ञात गाड़ी के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाकर बाइक में सामने से टक्कर मार दी। जिससे राजेश एवं हेमराज कहार गिर गए। गिरने से फरियादी के भाई राजेश कहार की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हेमराज कहार को गंभीर चोट आई हैं व बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है। गंभीर घायल हेमराज को नर्मदापुरम रेफर किया गया है। पुलिस ने धाराओं 281,125 (ए),106(1) बीएनएस के तहत अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्जकर विवेचना शुरू की है।

## समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है।

### पर्यूषण पर्व समापन पर श्री जिनवाणी पालकी जी का चल समारोह संपन्न

# श्री मंदिर विधि व पूजन उपरांत निकाली शोभायात्रा, किया पुष्पवर्षा से अभिनंदन

पर्यूषण पर्व का समापन हो गया है। इस अवसर पर सोमवार को श्री जिनवाणी पालकी जी के चल समारोह का आयोजन सोहागपुर जैन समाज द्वारा किया गया। चल समारोह का समापन जैन समाज चैत्यालय में किया गया। इस दौरान नागरिकों ने शोभायात्रा का स्वागत किया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जैन समाज के पर्यूषण पर्व का समापन हो गया है। इस अवसर पर सोमवार को श्री जिनवाणी पालकी जी के चल समारोह का आयोजन सोहागपुर जैन समाज द्वारा किया गया। चल समारोह का समापन जैन समाज चैत्यालय में किया गया। सोहागपुर जैन समाज अध्यक्ष अभिषेक जैन ने बताया कि सोमवार दोपहर नगर के गौतम वार्ड स्थित डेरिया निवास से चल समारोह निकाला गया था। अजय जैन, आशीष जैन एवं आतम जैन ने बताया कि सौभाग्य क्षण आया जब सोमवार सुबह नौ बजे श्री मंदिर विधि उनके निवास पर हुई। वहीं सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आरती एवं पात्र भावना आयोजन किया गया। दोपहर दो बजे के बाद जैन निवास से श्री जिनवाणी जी पालकी जी की शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शहर के विविध मार्गों से होकर शोभायात्रा शाम चार बजे जैन समाज के चैत्यालय पहुंची, जहां कलश स्थापना की गई।

### किया पुष्पवर्षा से स्वागत

श्री जिनवाणी जी पालकी जी की शोभायात्रा का विविध स्थानों पर विविध संगठनों की ओर से अभिनंदन किया गया। पूजा मेडिकल के समक्ष सिंधी समाज, बीजेपी एवं सहित व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पालकी जी पर पुष्प वर्षा कर जैन समाज के नागरिकों का जलपान से स्वागत किया गया। पूर्व पार्षद दीपक साहू के निवास के समक्ष सोहागपुर भाजपा द्वारा जल एवं शीतल पेय के साथ शोभायात्रा में सम्मिलित जैन समाज के नागरिकों का अभिनंदन किया गया। इसके अलावा व्यापारी संघ के द्वारा भी मुख्य बाजार क्षेत्र में चल समारोह का अभिनंदन किया गया। इस शोभायात्रा में भाजपा, कांग्रेस एवं अन्य सामाजिक संगठनों के नेता व कार्यकर्ता भी सम्मिलित हुए एवं सभी ने जैन समाज को पर्व की बधाई दी।



## बाजार के मुख्य मार्ग पर खड़े थे तीन लोडिंग वाहन

### बाधित हुआ मार्ग, लोग हुए परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर के बाजार का रास्ता प्रतिदिन यातायात बाधा का केंद्र बनता है। शाम चार बजे के बाद बाहरी लोडिंग वाहन सड़क पर पार्क किए जाते हैं। गत शाम तीन लोडिंग वाहन एक साथ मार्ग पर खड़े करने से आवाजाही बाधित हुई। नागरिकों ने बताया कि रोजाना मुख्य बाजार के मार्गों पर वाहनों से सामग्री घंटों अनलोड की जाती है। और बार-बार मार्ग पर जाम लगता है। रविवार शाम तीन लोडिंग वाहन बाजार मार्ग पर देर तक खड़े रहे तथा नागरिक परेशान हुए।

नागरिकों ने बताया कि कुछ व्यापारी मनमानी करते हैं। जिससे बाजार में आवाजाही चंद लोगों के कारण बाधित होती है। नागरिकों में प्रशासन पर भी नाराजगी है कि बाजार व्यवस्थापन नहीं हो रहा है। जनता के अनुसार अस्थाई दुकानें स्थानांतरित की जाएं व मार्ग चौड़ा किया जाए तो लोडिंग-अनलोडिंग में परेशानी नहीं होगी और यातायात भी बाधित नहीं होगा। जनमत है कि पुराने पैटर्न पर संचालित बाजार को नया स्वरूप देकर सड़क चौड़ी की जाए। और शहर को सुंदर बनाने यह जोखिम प्रशासन को उठाना ही होगा।

यदि वोट बैंक के चक्कर में प्रशासन यह नहीं कर पाता है तो फिर बाजार अव्यवस्थित ही रहेगा। अक्सर ही बाजार मार्ग पर लोडिंग वाहनों के कारण यातायात बाधित होता है।

## कुरोची परिवार ने पिता की स्मृति में दान की 2100 वर्गफुट जमीन

### आदिवासी समाज का सामुदायिक मंगल भवन बनेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




आदिवासी समाज के नागरिक स्व. जुगराज सिंह कुरोची की स्मृति में उनके परिजन सामाजिक सामुदायिक भवन निर्माण कराएंगे। जिसके लिये परिजनों ने जमीन दान करने की घोषणा की है। उक्त निर्णय की सर्वत्र सराहना की जा रही है। उल्लेखनीय है कि स्व. कुरोची के देहांत उपरांत रविवार को उनके परिजनों ने शहर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की थी। जिसमें कुरोची परिवार ने 2100 वर्गफुट जमीन आदिवासी सामुदायिक मंगल भवन के लिए दान करने की घोषणा की। स्व. कुरोची के पुत्रों मंगल सिंह कुरोची, मानसिंह कुरोची एवं प्रदीप कुरोची ने बताया कि जमीन पिताजी की स्मृति को समर्पित होगी। इससे पूर्व अंत्येष्ठि में परिवार ने मृत्यु भोज न करते हुए मात्र श्रद्धांजलि सभा करने की शुरुआत की तथा सभी सामाजिक जनों से इसके लिये आग्रह भी किया कि मृत्यु भोज के स्थान पर समाजहित के लिये निर्णायक कार्य करें।

श्रद्धांजलि सभा के बाद आयोजित बैठक में आदिवासी समाज के वरिष्ठजनों ने चर्चा की। सभी ने निर्णय लिया कि दान की जा रही जमीन पर सामुदायिक भवन का निर्माण सामजिक सहयोग से होगा तथा समाजजन क्षमतानुसार भवन निर्माण में सहयोग करेंगे।

इस दौरान समाजसेवी वीरेश तुमराम, आदिवासी विकास परिषद जिलाध्यक्ष अरुण प्रधान, जिला उपाध्यक्ष बलराम उईके, अशोक कुशराम, वन परिक्षेत्र अधिकारी कैलाश उईके, अधिवक्ता विक्रम परते, सोहागपुर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, भाजपा नेता विजय नन्नू छाबड़िया, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, पार्षद रविशंकर उईके आदि रहे मौजूद।

## 121 उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी हुए सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग में रचनात्मक योगदान देने वाले कर्मचारियों को प्रान्तीय शिक्षक संघ जिला सीहोर द्वारा सम्मानित किया गया। ।सम्मान हेतु कुल 583 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें सीहोर ब्लॉक से 285,इछावर ब्लॉक से 96,भैरुंदा ब्लॉक से 91,आष्टा ब्लॉक से 72,बुधनी ब्लॉक से 39 आवेदन प्राप्त हुए।जिला स्तरीय सम्मान समारोह के लिए शिक्षा विभाग के शिक्षक, नवीन शिक्षक संवर्ग, सहायक शिक्षक, लिपिक, भृत्य से कुल 121 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह आवासीय विद्यालय के सभागार में अतिथिगण नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर, जिला परियोजना समन्वयक आरआर उइके, विकासखण्ड शिक्षण अधिकारी सीहोर दीपा कीर, बी.आर.सी.सी सीहोर अशोक वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अतिथियों का स्वागत कार्यकारी महासचिव सतीश त्यागी , जिला अध्यक्ष संजय सक्सेना, प्रदीप नागिया,बलराम पंवार,राजेंद्र परमार,हेमन्त मालवीय, दिनेश मेवाड़ा, महेश मालवीय, अर्जुन सिंह, जय सिंह,नरेश मेवाड़ा,नरेश सवासिया, देवराज सोनी,अमिता आहूजा ने किया।इस अवसर पर अतिथि के रूप में मौजूद पालिका अध्यक्ष विकास राठौर प्रिंस ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु अपने समर्पण और ज्ञान के माध्यम से शिष्यों के जीवन को आकार देते हैं। शिक्षा ही जीवन को आकार देती है। मानव जीवन को सार्थक बनाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। जिला परियोजना समन्वयक आर.आर. उइके ने उद्बोधन में कहा कि प्रांतीय शिक्षक संघ की यह पहल निश्चित रूप से सराहनीय है। शिक्षक ही राष्ट्रनिर्माता है। शिक्षकों के लिए ऐसे सम्मान समारोह जरूरी है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर ने सभी सम्मानित शिक्षकों बधाई दी एवम इसी समर्पण भाव से कार्य करने को कहा। अवासीय खेलकूद संस्थान के प्राचार्य आलोक शर्मा ने कहा कि प्रांतीय शिक्षक संघ शिक्षकों के अधिकार के साथ कर्त्तव्य एवम सामाजिक सेवा के कार्य करते हैं। आभार संजय सक्सेना ने एवम कार्यक्रम का संचालन प्रदीप नागिया ने किया।

## सेमरी हरचंद से गुम हुआ 21 वर्षीय युवा, रिपोर्ट दर्ज

**सोहागपुर।** ग्राम सेमरी हरचंद से रविवार दोपहर 21 वर्षीय एक युवक गुम हो गया है। मामले की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई है। युवक अपनी दुकान से कहीं गया और फिर सोमवार शाम तक नहीं लौटा है। पुलिस के अनुसार सूचनाकर्ता मंगेश पिता कन्हैयालाल माहेश्वरी निवासी मेन रोड सेमरी हरचंद है। जिन्होंने सूचना दी है कि गांव में घर में ही उनकी कपड़े की दुकान है। दुकान के सामने दूसरी रेडीमेड कपड़े की दुकान है। सात सितंबर को सूचनाकर्ता का पुत्र



पियूष श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन में सुबह गया तथा दोपहर में घर वापस आ गया। भोजन उपरांत पियूष रेडीमेड की दुकान पर बैठा था। दोपहर करीब तीन बजे किसी का फोन आया और पियूष बिना बताए दुकान से चला गया। और वह देर रात तक वापस नहीं आया है। मोबाइल बंद है तथा आसपास एवं रिश्तेदारी में पता किया तो कोई पता नहीं चला है। पुलिस के अनुसार पियूष का कद पांच फीट आठ इंच है तथा वह क्रीम कलर की शर्ट व ब्लू कलर का जींस पहने है।

## तरुण पुष्प हासे स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस

**भैरूंदा।** शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर तरुण पुष्प हायर सेकेंडरी स्कूल में भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने आयोजन का संपूर्ण प्रबंधन स्वयं संभालकर अपनी रचनात्मकता, अनुशासन एवं शिक्षकों के प्रति सम्मान का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, प्रेरणादायक भाषण, नाटक और गीतों के माध्यम से शिक्षकों के प्रति अपना आभार प्रकट किया। इस अवसर पर शिक्षकों के लिए विशेष रूप से विभिन्न मनोरंजक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों द्वारा शिक्षकों को उपहार, प्रशंसा-पत्र और फूल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। संस्था द्वारा सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के संचालक आर. बी. मालवीय जी ने सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहाः "बच्चों का




उज्ज्वल भविष्य शिक्षक की प्रेरणा, मेहनत और समर्पण से ही बनता है। सभी शिक्षक अपने सकारात्मक दृष्टिकोण, नैतिक मूल्यों एवं आत्मिक लगन से कार्य करें और अपनी सम्पूर्ण क्षमता का सदुपयोग करते हुए सतत प्रगति की ओर अग्रसर रहें।" कार्यक्रम का सबसे विशेष क्षण वह था जब छात्रों ने अपने शिक्षकों के प्रति श्रद्धा और स्नेह व्यक्त करते हुए यह संकल्प लिया कि वे सदैव अपने गुरुजनों की आज्ञा का पालन करेंगे, जीवन में सकारात्मक सोच रखेंगे और समाज में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में योगदान देंगे।

### अनन्त चतुर्दशी पर विशेष अभिषेक शांति धारा पूजा-अर्चना प्रवचन

# क्षमा रूपी भूमि से यह दशलक्षण धर्मरुपी वृक्ष प्रकट हुआ है: मुनिश्री अक्षय सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



ब्रह्म का अर्थ आत्मा है जो शुद्ध बुद्ध शाश्वत है। उसमें चर्य, चर्या, चरण, परिणमन, लीनता, इत्यादि करना या एक ही शब्द में के कहना है तो आत्ममयता, आत्मस्थता इसे ही ब्रह्मचर्य कहते हैं। ब्रह्मचर्य को जीव का श्रंगार और गुणों का हार कहा जाता है। शीलव्रत के धारी ही मोक्ष के पात्र बनते हैं।

उक्त अमृत वाणी मुनिश्री अक्षय सागर जी महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा के दौरान दशलक्षण धर्म के दसवें धर्म 'उत्तम ब्रह्मचर्य ' धर्म पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए श्रावक श्राविकाओ को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार से दस दिन आत्मा के ये दश धर्म जीव की प्रवृत्ति को आत्माभिमुख कराती है। इसी कारण से आत्मा शुद्ध बनती है। क्षमा रुपी भूमि से यह दशलक्षण धर्मरुपी वृक्ष प्रकट हुआ है। क्षमा पृथ्वी तत्व है। सबका बोझ सहती है इसलिए उसे सहिष्णु, सहन करने वाली कहा है।इस कारण भूमि को पृथ्वी को क्षमा की उपमा दी है। शौच धर्म जिसकी जड़ें, सत्यरुपी स्कन्ध, , आर्जव रुपी शाखाओं में फैला है । मार्दव भावरुपी कोमल -कोमल पल्लवों से वह शोभायमान है। संयम रुपी हरे भरे सुंदर पत्तों से वह भरा है। तप उसका मनमोहक फूल है। त्याग की सुगंधी से दसों दिशाएं महकती है। जो आकिंचन धर्म रुपी मंजरी से युक्त है। ब्रह्मचर्य उसकी माला एवं शीतल छाया है, इसलिए अहिंसा रुपी बाढ़ से एवं शीलरुपी पानी से उसका संरक्षण होता है। ऐसा धर्मरुपी वृक्ष अत्यंत शान्ति प्रदान करने वाला है। स्वर्ग -मोक्ष के यात्री ऐसे वृक्ष का आश्रय लेकर सुख का अनुभव कर करते हैं। तत्पश्चात मुनिश्री ऐलक श्री आहार चर्या विधी विधान से श्रावक श्राविकाओ ने संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित किया। प्रातः मुनिश्री अक्षय सागर जी महाराज के सानिध्य तीर्थंकर महावीर भगवान कि प्रतिमा के अभिषेक ऐलक श्री उपशम सागर जी महाराज के मुखारविंद अखंड शांति धारा नित्य नियम पूजा अर्चना धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित किया।

दोपहर में अनन्त चतुर्दशी पावन पर्व पर मुनिश्री अक्षय सागर महाराज के सानिध्य में विशेष तीर्थंकर भगवान की प्रतिमा के अभिषेक, शांति धारा , नित्य नियम पूजा अर्चना धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर। श्रधदालुओ ने धर्म लाभ अर्जित किया। संध्या को गुरु भक्ति संगीत मय महाआरती पंडित राजेश जैन ने शास्त्र ग्रन्थ वाचन किया। तत्पश्चात महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बैठक संपन्न, राजेश पटेल का हुआ स्वागत

**भैरूंदा।** रविवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी लाड़कुई द्वारा मंडलम अध्यक्ष,सेक्टर अध्यक्ष ओर बी.एल. ए. की बैठक मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर ग्राम लोदड़ी में संपन्न हुई। मतदाता सूची पुनरीक्षण के विधान सभा प्रभारी राजेश पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि समस्त कांग्रेस के नेतागण व बी.एल. ए. सब मिलकर लोकतंत्र बचाने की इस मुहिम में साथ आकर काम करेंगे। जब तक मतदाता सूची शुद्ध ओर सही नहीं होगी,तब तक हम निष्पक्ष निर्वाचन की उम्मीद नहीं कर सकते।



ब्लॉक कांग्रेस लाड़कुई की बैठक में प्रथम वार नवनियुक्त प्रभारी के उपस्थित होने पर राजेश पटेल का कार्यकर्ताओं द्वारा साफा बांधकर सम्मान किया गया। बैठक को युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संजय पटेल, आरजीपीआरएसके जिला अध्यक्ष मुकेश पंवार,भारत यात्री अजय पटेल ने संबोधित किया। मंडलम कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नारायण पंवार,सत्यनारायण पटेल,मुकेश शर्मा,गंगाराम मालवीय के मंडलम मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा कर आगामी कार्य की योजना बनाई गई। बैठक का संचालन युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव राजकुमार पटेल ने किया व आभार ब्लाक कांग्रेस कमेटी लाड़कुई के अध्यक्ष चंदर मीणा ने व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### युवा संगम मेला 11 को लगेगा

**हरदा।** निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये शासकीय आईटीआई हरदा में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले युवा संगमह का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि यह मेला 11 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में बेरोजगार युवक युवतियों की भर्ती की जायेगी।

### पार्वती नदी में बहे सपेरे की लाश मिली

**सीहोर।** आष्टा के बोरखेड़ा गांव में तीन दिन पहले पार्वती नदी में बहे युवक का शव रविवार को शाजापुर जिले के गाडराखेड़ी में मिल गया। युवक बाइक समेत नदी के तेज बहाव में बह गया था।

क्षेत्र में पिछले चार-पांच दिनों से हो रही तेज बारिश के कारण पार्वती नदी में बाढ़ आई हुई थी। आष्टा से 18 किलोमीटर दूर बोरखेड़ा गांव में पार्वती नदी पर बने रपटे पर बाढ़ का पानी था। मना करने के बावजूद युवक रपटा पार करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान वह तेज बहाव में बह गया।

उसका साथी बचकर निकल आया। पिछले तीन दिनों से दो जिलों के गोताखोर और टीमें युवक की तलाश में जुटी थीं। शुक्रवार और शनिवार को भी लगातार तलाशी अभियान चला। रविवार सुबह शाजापुर जिले के तिलावत पुलिस चौकी क्षेत्र में पार्वती नदी के किनारे शव मिला। आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पानी का बहाव कम होने के बाद शव मिल गया।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**भैरूदा।** नगर के इंदौर मार्ग पर शिवहरे पेट्रोल पंप के पास शनिवार की रात हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक रात को बाइक से घर की ओर जा रहा था। तभी सड़क दुर्घटना में घायल होने पर भोपाल रेफर किया गया था उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया शनिवार देर शाम मनोज धनवारे निवासी धोलपुर बाइक से घर की ओर जा रहा था। तभी इन्दौर मार्ग नगर के शिवहरे पेट्रोल पंप के सामने से आए अज्ञात वाहन से उसकी बाइक की टक्कर हो गई, इससे वह गंभीर घायल हो गया। परिजन व रिश्तेदार घायल युवक को लेकर सिविल अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टर ने उपचार के बाद भोपाल रेफर कर दिया। जहां युवक ने दम तोड दिया। थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बताया कि शनिवार रात को सड़क दुर्घटना की जानकारी प्राप्त हुई थी। युवक की पहचान मनोज धनवारे निवासी धोलपुर गोपालपुर थाना अंतर्गत हुई।

संघ के पंच परिवर्तन पर दृढ़ता से काम करें तो समाज में परिवर्तन संभव : गोविंद राजपूत

# समाज में आज भी शत्रु बोध का अभाव इसे दूर करने की जरूरत : कौशलेश

*डॉक्टर हेडगेवार ने आजादी के क्रांतिकारी आंदोलन में भाग लिया था, वे कांग्रेस में पदाधिकारी भी रहे*




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

तराजू लेकर व्यापार करने आया अंग्रेज हमारे देश पर राज करने लगे। इतना ही नहीं, अंग्रेज अफसर के कहने पर भारतीय सैनिकों ने गोलियां दागकर जलियांवाला बाग जैसा नरसंहार किया। अकबर के कहने पर मानसिंह ने भी हिंदू राजा का सारा राज अकबर को बता दिया। समाज में पहले भी शत्रु बोध का अभाव था और आज भी वही अभाव दिखाई देता है। इसे दूर करने की जरूरत है। यह बात संघ के मध्य भारत प्रांत प्रचार विभाग के सोशल मीडिया प्रमुख कौशलेश तिवारी ने कही। वे रविवार को ₹ सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स संवाद -2025 ₹ को सम्बोधित कर रहे थे। शहर के हरदा डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हरदा जिला प्रचार विभाग द्वारा आयोजित इस संवाद में बड़ी संख्या में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स उपस्थित थे।श्री कौशलेश ने कहा, डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने संघ स्थापना के पूर्व आजादी के क्रांतिकारी आंदोलन में भाग लिया था. वे 1915 में नागपुर लौटे और कांग्रेस में सक्रिय हो गये और कुछ समय में विदर्भ प्रांतीय कांग्रेस के सचिव भी बन गए थे। बाद में उनका कांग्रेस से मोह भंग हो गया था. उन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान भारत की दुर्दशा और हिंदू समाज में व्याप्त विखंडन से दुखी होकर 27 सितम्बर 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फरर) की स्थापना नागपुर के मोहिते के बाड़े में की थी। हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति पर पश्चिमी प्रभाव, और मुसलमानों के प्रति ब्रिटिश नीतियों से चिंतित होकर, हेडगेवार ने एक ऐसे संगठन की आवश्यकता महसूस की जो हिंदू समाज को एकजुट और सशक्त बना सके। वे हिंदू समाज में फैले आंतरिक मतभेदों, सामाजिक विभाजन और आत्मविश्वास की कमी से चिंतित थे।

#### गांधी जी ने लोगों को जगाया जरूर, पर यह जागरूकता कुछ काम नहीं आ रही

उन्हें डर था कि पश्चिमी विचारों और संस्कृति के बढ़ते प्रभाव से हिंदू संस्कृति और पहचान कमजोर हो रही है। डॉ. हेडगेवार का मानना था कि हिंदू समाज में राष्ट्रवाद और एकता की कमी है, जिसके कारण वह बाहरी शक्तियों के सामने कमजोर पड़ जाता है। उनका मानना था गांधी जी ने लोगों को जगाया जरूर, लेकिन यह जागरूकता कुछ काम नहीं आ रही है। राष्ट्र रक्षा के लिए ऐसे प्रशिक्षित कार्यकर्त्ता चाहिए, जिनका शारीरिक और मानसिक शक्ति का विकास हो। उनमें राष्ट्रीय भावना जागृत हो सके, ताकि वे एक मजबूत और स्वाभिमानी राष्ट्र का निर्माण कर सकें। इसके लिए एक घंटे की शाखा लगाना शुरू किया. 8 - 10 वर्ष की उम्र के बच्चों को लेकर शुरू किया गया संघ आज विशाल रूप ले चुका है. 27 सितम्बर 2025 को संघ के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस शताब्दी वर्ष में संघ स्थापना का उद्देश्य घर घर तक पहुंचाना हैं।

#### राष्ट्र प्रथम के भाव और समाज परिवर्तन में हमारी भूमिका को स्पष्ट किया

कौशलेश ने सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स से अपील की कि राष्ट्र प्रथम के भाव और समाज परिवर्तन में हमारी भूमिका को स्पष्ट करते हुए कार्य करें। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, इन तीन शब्दों की सुन्दर व्याख्या की। संघ यानी सब मिलकर, एक व्यक्ति नहीं। स्वयंसेवक यानी जो स्वयं की इच्छा से राष्ट्र सेवा करे, कोई अपेक्षा ना रखे। राष्ट्रीय यानी राष्ट्र के लिए, अपने लिए नहीं। इस तरह पूरा नाम बना राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ। जिला कार्यवाह गोविन्द राजपूत ने कहा, शताब्दी वर्ष में संघ पूरे देश में पंच परिवर्तन( सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, नागरिक शिष्टाचार व स्वदेशी ) पर काम करने वाला हैं। उन्होंने कहा इन पंच परिवर्तन के विषय पर दृढ़ता से काम किया जाए तो समाज में बड़ा परिवर्तन दिखाई देगा, जो राष्ट्र हित में होगा। नर्मदापुरम विभाग के प्रचार विभाग के प्रमुख संतोष नौरिया ने भी शताब्दी वर्ष में होने वाले आयोजन की जानकारी दी। शुरुआत में भारत माता के चित्र पर तीनों अतिथियों ने माल्यार्पण कर, दीप प्रज्जवलित किया। कार्यक्रम का संचालन व आभार संघ प्रचार विभाग के हरदा जिला प्रमुख डॉ. विवेक अतुल भुस्कुटे ने माना।

अवैध शराब की शिकायत की

## ग्रामीण पहुंच गए कलेक्टर तब पुलिस ने की कार्रवाई



**हरदा।** हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम मालकुंड में अवैध शराब बिक्री के विरोध में महिलाएं सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचीं। इसके बाद पुलिस विभाग जागा और ग्राम पहुंचकर कार्रवाई की और मीडिया को प्रेस विज्ञप्ति जारी की। हालांकि सोमवार को विज्ञप्ति जारी की और उसमें एक दिन पहले की तारीख बताई गई। सोमवार को जयस संगठन के साथ पहुंची महिलाओं ने एसपी के नाम ज्ञापन सिटी कोतवाली टीआई रोशनलाल भारती को सौंपा। महिलाओं ने बताया कि गांव में चार लोग बिना लाइसेंस के खुलेआम शराब बेच रहे हैं।



सार्वजनिक नल के पास शराब की दुकान होने से महिलाओं को पानी भरने में परेशानी होती है। शराबी उनके साथ गाली-गलौज और हुड़दंग करते हैं। एक स्थानीय युवक ने बताया कि शराबी पति अपनी पत्नियों की लाड़ली बहना योजना की राशि भी छीन लेते हैं। राशि नहीं देने पर महिलाओं को सड़क पर अपमानित किया जाता है। नशे में युवक नर्मदा नदी में खतरनाक तरीके से मस्ती करते हैं। सर्व आदिवासी महिला संगठन की जिलाध्यक्ष राखी करोची ने कहा कि शराब की वजह से घरों में रोज झगड़े होते हैं। मुख्यमंत्री ने नर्मदा किनारे के गांवों में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाई है। टीआई भारती ने शिकायत पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो सर्व आदिवासी महिला संगठन और जयस एसपी कार्यालय का घेराव करेंगे।

#### विशेष पुलिस टीम का गठन कर कार्रवाई की

ग्राम मालपौन की महिलाओं द्वारा ग्राम में अवैध शराब बिक्री की शिकायत संबंधी आवेदन थाना हंडिया में दिया था। जिसके बाद थाना प्रभारी हंडिया द्वारा एक विशेष पुलिस टीम का गठन कर कार्यवाही की गई। टीम द्वारा ग्राम मालपौन में दबिश दी गई, जिसमें 3 व्यक्तियों को अवैध देशी कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया। आरोपियों में भारत प्रजापति पिता रामगोपाल प्रजापति, उम्र 50 वर्ष, निवासी मालपौन, कांतीलाल केवट पिता इंदरसिंह केवट, उम्र 28 वर्ष, निवासी मालपौन, रायसिंह उर्फ बब्लू पिता किशन कोरकू, उम्र 30 वर्ष, निवासी मालपौन शामिल है। तीनों आरोपियों के कब्जे से प्रत्येक से 5 लीटर, कुल 15 लीटर देशी कच्ची शराब जप्त की गई। सभी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

## कृषकों को कृषि अवसंरचना निधि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सोमवार को कृषि अवसंरचना निधि की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किसान कल्याण तथा कृषि विकास एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से माहेश्वरी धर्मशाला हरदा में किया गया। कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, कृषि स्थायी समिति सभापति ललित पटेल, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रतिनिधि गोविन्द शर्मा, उप संचालक कृषि जे.एल.कास्दे, सहायक संचालक उद्यानिकी विजय सिंह, जिला प्रबंधक नाबार्ड राहुल कुशवाहा, जिला अग्रणी प्रबंधक मनोज कुमार, कृषि वैज्ञानिक डॉ. ओ.पी. भारती सहित अधिकारी कर्मचारी किसान उपस्थित थे। कार्यशाला में म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रतिनिधि गोविन्द शर्मा द्वारा जिले के उन्नतशील, उद्योग/व्यवसाय स्थापित करने में रूचि रखने वाले कृषको को कृषि अवसंरचना निधि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई।

वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## 2025 की तृतीय नेशनल लोक अदालत हरदा में 13 को लगेगी




**हरदा।** जिला न्यायालय, हरदा में 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली वर्ष 2025 की तृतीय नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों को लोक अदालत के आयोजन की जानकारी देने के उद्देश्य से प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविन्द रघुवंशी ने सोमवार को प्रचार वाहन रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रघुवंशी ने बताया कि 13 सितम्बर को जिला मुख्यालय हरदा और सभी तहसील न्यायालयों में आयोजित होने वाली लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सभी राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्रशेखर राठौर ने आमजन से अपील की है कि अपने राजीनामा योग्य प्रकरण जैसे मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, बैंक व वसूली से संबंधित प्रकरण, समझौता आपराधिक प्रकरण, चैक बाउंस से संबंधित प्रकरण, भरण पोषण, विद्युत अधिनियम व दीवानी प्रकरण का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कराये व लोक अदालत का लाभ उठायें।कार्यक्रम में सुधीर कुमार चौधरी प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, विशेष न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत जयदीप सिंह, तनवीर अहमद खान प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, निसार अहमद खान तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश, निमिष राजा द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लवकेश सिंह, प्रेमदीप शाह, एस.के. भदकारिया, संजीव राहंगडाले, काजल पटेल न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सौरभ कुमार दुबे जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय शांडिल्य, अधिवक्तागण एवं जिला न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## फिजा विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल से सम्मानित



**हरदा।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (इव) भोपाल के मिंटो हॉल में सोमवार को सत्र 2023-24 का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मध्य प्रदेश के राज्यपाल मांगूबाई पटेल, मुख्यमंत्री मोहन यादव और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार मौजूद रहे। हरदा की फिजा खान ने विश्वविद्यालय के यूटीडी में एमएससी कंप्यूटर साइंस में सर्वोच्च अंक हासिल किए। फिजा को विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति सुरेश कुमार जैन भी उपस्थित थे। फिजा के पिता यूसुफ आजाद खान हरदा में रहते हैं। फिजा की इस उपलब्धि से हरदा का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन हुआ है।

# डेढ़ वर्ष से नियमित जिला चिकित्सालय हरदा की फ़िज़ियोथैरेपी सेवाएं ले रही हूं: रजनी वर्मा

*विश्व फ़िज़ियोथैरेपी दिवस पर विशेष स्वास्थ्य शिविर लगा*



**हरदा।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा सोमवार को विश्व फिज़ियोथैरेपी दिवस पर विशेष शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय हरदा में आयोजित किया गया। स्वस्थ्य और सक्रीय रहने के लिए अन्य चिकित्सा पद्धतियों की तरह ही फिजियोथैरेपी भी अत्यंत कारगर है, मैं स्वयं बिगत देढ़ वर्ष से नियमित जिला चिकित्सालय हरदा के फिज़ियोथैरेपी सेवाएं ले रही हूँ।

यह बात हरदा जिले की संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा ने विश्व फिजियोथैरेपी दिवस के अवसर पर आयोजित एक दिवसीय विशेष शिविर के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होने कहा कि फिजियोथेरेपी दर्द को कम करने, चोटों से उबरने और गतिशीलता को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है। यह केवल खिलाड़ियों के लिए नहीं है, बल्कि यह हर उम्र के लोगों के लिए फायदेमंद है, चाहे वे पुरानी बीमारियों से पीड़ति हों, सर्जरी से ठीक हो रहे हों, या अपनी शारीरिक फिटनेस को बनाए रखना चाहते हों। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी.सिंह ने बताया कि इस दिन का मुख्य उद्देश्य फिजियोथेरेपी के महत्व को आमजन से साझा करना और लोगों को इसके लाभों के प्रति जागरूक करना है। फिजियोथेरेपी के लाभ को समझते हुए अपने जीवन में उतारें और एक स्वस्थ और सक्रिय जीवन शैली अपना सकें। शिविर में आए वृद्धजनों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया।

जिला नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र ठाकुर ने बताया कि विश्व फिज़ियोथैरेपी दिवस की थीम हेल्थी एजिंग हैं, हेल्थी एजिंग से तात्पर्य बढ़ती उम्र के साथ केवल बीमारियों रहित जीवन ही व्यतीत करना नहीं है बल्कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य को पूरी उम्र बनाए रखना है । इसका लक्ष्य जीवन के हर चरण में सक्रीय, स्वतंत्र और संतुष्ट रहना है, व्यक्ति वृद्वावस्था में भी एक पूर्ण और सार्थक जीवन जी सके। फिजियोथेरेपी के लाभों को समझ सकें और एक स्वस्थ और सक्रिय जीवन शैली अपना सकें। सोमवार को आयोजित शिविर में जिला चिकित्सालय हरदा की फिज़ियोथैरेपी यूनिट के डॉ. पूजा मुकाती एवं डॉ. मनीराम उईके द्वारा स्वस्थ्य जीवन के लिए फिज़ियोथैरेपी की उपयोगिता व आवश्यकता के बारे में बताया गया। वृद्वावस्था में फिज़ियोथैरेपी का महत्व और बढ़ जाता है। प्रतिदिन की दिनचर्या में इसे कैसे शामिल किया जा सकता है उसकी जानकारी दी।

#### शिविर में हितग्राहियों की स्क्रीनिंग एवं फिजियोथैरेपी की गई

शिविर में आए 76 हितग्राहियों की स्क्रीनिंग की गई, डॉ. अस्पाक द्वारा 52 हितग्राहियों की फिजियोथैरेपी की गई। डॉ राजेश सतीजा, डॉ गंभीर पटेल, डॉ. युवराज गोहिल शिविर में आए लोगों की स्क्रीनिंग कर परामर्श प्रदान किया। इस दौरान दीक्षा काशिव, अंकित सिंह, आशीष साकल्ले, नीरज मालवीय, पारूल काशिव, विकास राजपूत, अर्जुन बंशकार आदि ने शिविर प्रबंधन में सहयोग प्रदान किया।

## पिछले 24 घंटे में 2.3 मिली मीटर औसत बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 2.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 4, आष्टा में 0, जावर में 9, इछावर में 0, भैरूंदा में 4, बुधनी में 0, रेहटी में 3.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 7 सितम्बर को सुबह 8 बजे तक 934.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 962.5 मिलीमीटर थी।

## सीहोर में रोजगार मेला आज

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 9 सितंबर को सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सुबह 11 बजे रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग 700 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी।

फर्जी समिति से मत्स्य पालन का खुलासा, मछुआरा समाज का हक छीना

# राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य बोले मछुआरों को दिलाएंगे उनका हक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिले के आष्टा नगर में भोपाल के चर्चित सारिक मछली परिवार कांड की तर्ज पर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। यहां तालाबों पर फर्जी समिति बनाकर अवैध मत्स्य पालन कराया जा रहा था। शिकायत मिलने के बाद जांच में यह खुलासा हुआ कि समिति का पंजीयन ही फर्जी था और असली हकदार अनुसूचित जाति-जनजाति के मछुआरे वंचित रह गए।

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो स्वयं आष्टा पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर चेतावनी दी कि इस फर्जी समिति को तुरंत समाप्त किया जाए और मछुआरों को उनका हक वापस दिलाया जाए। कानूनगो ने कहा कि यह सिर्फ मछली पालन का मामला नहीं बल्कि सामाजिक न्याय और वंशानुगत अधिकारों से जुड़ा मुद्दा है।



**अधिकारियों की मिलीभगत पर सवाल**

: जांच में सामने आया कि विभागीय अधिकारियों की सांठगांठ से यह खेल वर्षों से चल रहा था। सहकारिता विभाग की सूची में जिन 19 हिंदू मछुआरों के नाम दर्ज थे, उन्हें बाद में काट दिया गया और फर्जी समिति के नाम पर तालाबों का ठेका दिया गया। आयोग ने अधिकारियों से स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे तय समय सीमा में पूरी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें और दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

#### मछुआरा समाज में आक्रोश

इस खुलासे के बाद आष्टा के मछुआरा समाज और हिंदूवादी संगठनों में भारी आक्रोश है। बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष आयोग के सदस्य से मिलने पहुँचे और अपनी पीड़ा रखी। सभी ने स्वागत करते हुए मांग की कि उनका वंशानुगत अधिकार उन्हें लौटाया जाए। इस मामले में एसडीएम नितिन टाले का कहना है कि तालाबों पर असली हकदार मछुआरों को मत्स्य पालन का अवसर दिया जाएगा और दोषी सिंडिकेट पर शिकंजा कसा जाएगा।